हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 जुलाई 2026


तापमान

अधिकतम 29.4 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


12 शहर में ऑडिटोरियम, फुटबॉल मैदान सह ...





13 निकुम सहकारी समिति में भ्रष्टाचार ...







B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
21 जुलाई 2026
कूपन नं.
8


# जिले में 1 जून से अब तक 357 मिमी बारिश, यह समान्य से 8 प्रतिशत कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले तीन से चार दिनों से सक्रिय मानसून के बाद जिले में अच्छी बारिश दर्ज की गई है। जून और जुलाई को समान्य से कम बारिश का कोटा पिछले चार दिनों में लगभग पूरा हो गया है। मौसम विभाग की मानें तो दुर्ग में 1 जून से अब तक 357.3 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। यह समान्य बारिश 389.8 मिलीमीटर से महज 8 प्रतिशत ही कम है। सोमवार को रात के समय जिले के दुर्ग शहर में सबसे ज्यादा 23.4 मिमी पानी गिरा। सबसे कम बारिश अहिवारा में महज 8.2 मिमी हुई। इसके अलावा भिलाई में 12.6 मिमी, बोरी ममें 15.5 मिमी, धमधा में 16.8 मिमी, पाटन में 8.8 मिमी पानी गिरा। जानकारी के मुताबिक आसपास के जिलों में भी अच्छी बारिश की खबर है। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून अगले 48 घंटे तक दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ के अन्य हिस्सों में पानी बरसाएगा। इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश होगी। आसमान में बादल छाए रहेंगे। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो समान्य से 1.6 डिग्री कम रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहा, जो समान्य से 0.3 डिग्री तक कम था।

**वेदर अलर्ट : सोमवार को जिले के दुर्ग में सबसे ज्यादा 23.4 मिमी बारिश, सबसे कम 8.2 मिमी अहिवारा में**

### जिले में अब तक 357 मिमी औसत बारिश हो चुकी

जिले में 1 जून से 21 जुलाई तक 357.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 477.6 मिमी तहसील बोरी में तथा न्यूनतम 247.5 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 391.9 मिमी, तहसील पाटन में 381.4 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 316.7 मिमी और तहसील अहिवारा में 291.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 20 जुलाई 2026 को तहसील दुर्ग में 28.2 मिमी, तहसील धमधा में 16.8 मिमी, तहसील पाटन में 5.8 मिमी, तहसील बोरी में 15.5 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 12.6 मिमी और तहसील अहिवारा में 8.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।



### वायुमंडल में तीन सिस्टम सक्रिय, इसलिए बारिश

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश के ऊपर सक्रिय तीन मौसमी सिस्टम बारिश को लगातार बारिश करा रहे हैं। उत्तरी झारखंड और बिहार के ऊपर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण, झारखंड से उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक बनी द्रोणिका, तथा उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और दक्षिणी छत्तीसगढ़ के ऊपर एक अन्य चक्रवात के प्रभाव से अगले दो-तीन दिनों तक प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। साथ ही कुछ स्थानों पर भारी बारिश और बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि लगातार किसी शहर में तापमान में बहुत ज्यादा और बारिश भी इतनी अधिक होती है, तो वहां इसपर अध्ययन की जरूरत होगी। हालांकि, एक-दो बार इस तरह की घटनाएं होना मौसमी प्रभाव और भौगोलिक स्थिति पर निर्भर करता है।

### टिन शीट लटकी, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# रामनगर मुक्तिधाम बदहाल, जर्जर भवनों के बीच अंतिम संस्कार को मजबूर लोग

**शवयात्रा में आने वाले लोगों के बैठने के कमरे बदहाल, छत से टपक रहा पानी, झड़ रहा प्लास्टर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हरिभूमि सरोकार

रामनगर मुक्तिधाम में मूलभूत सुविधाएं बदहाल हो चुकी हैं। यहां अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों के बैठने के लिए बनाए गए बैठक कक्ष जर्जर अवस्था में पहुंच गए हैं, जबकि शवदाह स्थल के ऊपर लगी टीन की छत भी दुर्घटना को न्योता देती नजर आ रही है। मुक्तिधाम में बने प्रतीक्षालयों और कमरों की छतों से बारिश के दौरान पानी टपक रहा है। कई जगहों पर दीवारों का प्लास्टर उखड़ चुका है और छत के हिस्सों से भी प्लास्टर गिरने लगा है। इससे यहां आने वाले लोगों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है तथा भवन के अंदर बैठना तक मुश्किल हो जाता है। सबसे अधिक चिंता की बात शवदाह स्थल के ऊपर लगी टीन की छत को लेकर है। यहां लगी कुछ टीन शीट नीचे की ओर लटक गई हैं। तेज हवा या बारिश के दौरान इनके गिरने का खतरा बना रहता है। यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।



### कायाकल्प का वादा कर पीछे हटे व्यापारी

गौरतलब है कि करीब साल भर पहले रामनगर मुक्तिधाम के कायाकल्प की बड़ी घोषणा सामने आई थी। वैशालीनगर विधायक ने बताया था कि चौहान हाउसिंग के संचालक अजय चौहान द्वारा मुक्तिधाम को आधुनिक स्वरूप देने की योजना बनाई गई थी। उस समय बताया गया था कि इस परियोजना पर करीब 5 से 10 करोड़ रुपए तक खर्च किए जाएंगे। इसके तहत मुक्तिधाम में आधुनिक सुविधाएं विकसित करने, भवनों का नवीनीकरण करने और परिसर को व्यवस्थित बनाने की बात कही गई थी। हालांकि बाद में यह जानकारी सामने आई कि अजय चौहान ने इस परियोजना से स्वयं को अलग कर लिया है। इसके बाद से कायाकल्प योजना ठंडे बस्ते में चली गई और मुक्तिधाम की स्थिति जस की तस बनी हुई है।



रामनगर स्थित मुक्तिधाम में लटकते हुए छज्जे से कभी भी हो सकती है दुर्घटना।

### जनसहयोग व विधायक निधि से होगा जीर्णाद्धार

मुक्तिधाम का विकास विधायक निधि और जनसहयोग से किया जाएगा। योजना के तहत जर्जर भवनों और अनुपयोगी ढांचों को डिसमेंटल कर नए स्वरूप में विकसित किया जाएगा। साथ ही परिसर में भोलेनाथ मंदिर के निर्माण की भी योजना बनाई गई है, जिससे श्रद्धालुओं और नागरिकों को बेहतर धार्मिक और सामाजिक वातावरण मिल सके। विधायक ने इस संबंध में एक वीडियो संदेश भी जारी किया है, जिसमें उन्होंने नागरिकों से जनसहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि समाज की भागीदारी से ही मुक्तिधाम को एक आदर्श और सुविधायुक्त परिसर के रूप में विकसित किया जा सकता है। विधायक ने लोगों से जनसहयोग की अपील भी की।

### लंबे समय से मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार को लेकर उठ रही है मांग

रामनगर मुक्तिधाम की बदहाल स्थिति और जर्जर हो चुके भवनों को लेकर लगातार लोग मांग उठा रहे है। लोगों का कहना है कि उन्हें अंतिम संस्कार के दौरान काफी अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर समाजसेवी संस्थाओं और लोगों ने वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के सामने मांग भी रखी थी। मुक्तिधाम के कर्मचारियों के अनुसार हाल ही में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने रामनगर मुक्तिधाम का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं तथा आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को होने वाली परेशानियों को गंभीरता से देखा। उन्होंने मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराने का आश्वासन दिया है।

# बीएसपी में फिर दुर्घटना, श्रमिक के सिर पर प्लेट गिरी, घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र में आज सोमवार को फिर हुई एक दुर्घटना में एक ठेका मजदूर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सेक्टर 9 अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिछले पंद्रह दिन में हुई यह तीसरी दुर्घटना है।

बीएसपी के ओएचपी जंक्शन में जनरल शिफ्ट में ठेका मजदूर सागर कुमार सिंह 29 वर्ष काम कर रहा था। कार्य के दौरान अचानक उसके सिर पर भारी स्टील प्लेट गिर गई। उसका हेलमेट भी टूट गया।सर पर गंभीर चोटें लगने से घायल सागर को दोपहर 3.25 बजे मेन मेडिकल पोस्ट लाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सेक्टर 9 हास्पिटल रिफर किया गया। ठेका श्रमिक ठेकेदार सागर मेसर्स मनहरन नायर के अंडर में कार्यरत है। घटना की जांच की शुरु हो गई है। गौरतलब हो पिछले पंद्रह दिन के दौरान संयंत्र में हुआ यह तीसरा हादसा है। इसके पूर्व एक ठेका मजदूर घायल व एक नियमित कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो चुकी है। यूनियनों प्रबंधन से संयंत्र में सेफ्टी चौकस किए जाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ चार आरोपी पुलिस की पकड़ में

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया है। घटना थाना रानीतराई और धमधा का है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम अशोगा-जरवाय रोड पर एक सफेद रंग की सुमो गोल्ड सीजी 19 सी 0997 को अवैध रूप से शराब तस्करी करते हुए पकड़ा। तलाशी लेने पर वाहन से सफेद झोले से 34 पौवा देशी शराब बरामद किया। पूछताछ करने पर आरोपियों अवैध शराब परिवहन करना स्वीकार किया। वहीं धमधा पुलिस ने कुकुर चब्बा मंदिर रोड, बरगद पेड़ के पास से एक प्लास्टिक बोरी में रखी 33 पौवा शेरा देशी मसाला शराब (5.940 बल्क लीटर) बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों में धर्मेंद्र साहू, धनेश्वर यादव,ग्राम मडेली, चौकी बीरेझर धमतरी उगेश साहू, वार्ड 2, सतनामी पारा, धमधा राम कुमार डहरिया को पकड़ा गया।

### वृद्ध महिला की हत्या मामले में दो हिरासत में

**भिलाई।** महिला हत्या मामले में दो संदिग्धों से पुलिस पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक घटना में पुलिस ने आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला था। जिसमें दो युवक वृद्ध महिला के साथ जाते दिखे थे। पुलिस ने आरोपियों की खोजबीन कर शिनाख्त कर पूछताछ किया जा रहा है। शव का पीएम भी कराया गया है। जिसका रिपोर्ट अभी तक नहीं मिल पाया है। रिपोर्ट आने के बाद ही कई खुलासा हो सकता है। घटना का खुलासा मंगलवार को दुर्ग पुलिस करेगी। फिलहाल युवकों से पूछताछ जारी है।

### ट्रेडिंग निवेश का झांसा : 19 लाख की ठगी, गिरफ्तार



**भिलाई।** ट्रेडिंग में निवेश करने का झांसा देकर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि जोरातरई निवासी दीपक कुमार अहिरवार ने शिकायत की कि आरोपिया असोगा रानीतराई की तृप्ती साहू ने उतई में रैम्बो इंटरनेशनल ट्रेडिंग कंपनी में निवेश करने पर 28 माह में राशि चार गुना होने का झांसा दिया। निवेश से प्रतिमाह 10 से 12 प्रतिशत ट्रेडिंग रिटर्न मिलने की भी जानकारी दी थी। पीड़ित ने कुल 19 लाख रुपये कंपनी में निवेश कर दिया। राशि नहीं लौटने पर उतई पुलिस में शिकायत की। जांच के बाद पुलिस ने तृप्ती साहू को पकड़ कर पूछताछ की। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपिया से एसबीआई बैंक, यस बैंक, केनरा बैंक एवं एचडीएफसी बैंक की पासबुक, पैन कार्ड, आधार कार्ड, कार सीजी 07 सीएफ 8179 को जब्त किया गया है।

### दुर्ग पुलिस अब ई-चार्जशीट पर करेगी काम

**भिलाई।** राष्ट्रीय अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम के डैशबोर्ड को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा जारी नवीनतम स्टेट स्कोरकार्ड में छत्तीसगढ़ को 100 में से 64.97 अंक प्राप्त हुए हैं। हालांकि राज्य ने प्रशासनिक सुधार और मेडलीगल रिपोर्ट पोर्टल के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूर्ण अंक हासिल किए हैं। इसे देखते हुए कानून व्यवस्था और डिजिटल पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जीरो एफआईआर और ई-चार्जशीट की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने के निर्देश मिले। न्यायालयों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए न्याय श्रुति प्रणाली को शीघ्र अति शीघ्र करने की जानकारी दी गई। इसके बाद दुर्ग रेंज पुलिस ने भी इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

**नई व्यवस्था** सीएसपी देवांश और पाठक, नए एसडीओपी प्रांशु बने

# शहर के नए एएसपी शोभराज और ट्रैफिक डीएसपी होंगे सोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

**लंबे समय से इंतजार था लिस्ट का**

गृह विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने तबादला आदेश जारी किया है। जिसमें जिले के पुलिस अफसरों का तबादला हुआ और नए दुर्ग जिले में आए है।

जिले के नए एएसपी शहर के रुप में सीएम सुरक्षा में सेवा दे रहे शोभराज अग्रवाल होंगे। ट्रैफिक एएसपी कौशलेन्द्र देव पटेल, डीएसपी ट्रैफिक विशाल सोन, दुर्ग सीएसपी देवांश राठौर, भिलाई नगर निशांत पाठक और एसडीओपी





पाटन प्रांशु तिवारी, अनूप लकड़ा साइबर क्राइम दुर्ग रेंज होंगे। इसके अलावा एएसपी सुखनंदन राठौर जगदलपुर,ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा उप सेनानी 3री वाहननी छसबल अमलेश्वर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी अजाक/ क्राइम डीएसपी राजनांदगांव, ट्रैफिक डीएसपी सदानंद राजनांदगांव तबादला हो गया है। साथ ही जिवेश तिवारी डीएसपी रेड़ियों बिलासपुर से डीएसपी रेड़ियो दुर्ग, परमानंद ठाकुर डीएसपी रेड़ियो भिलाई से बिलासपुर,आकाश मरकाम एएसपी उत्तर रायपुर से उप सेनानी 3री वाहिनी छसबल अमलेश्वर, निवेदिता पाल सेनानी 8 वीं वाहिनी चसबल रायपुर से सेनानी 7वीं छसबल भिलाई, नीरज चंद्राकर एएसपी एएसआईए पुनु नवा रायपुर से सेनानी प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई दुर्ग, प्रज्ञा मेश्राम उप सेनानी 7 वीं वाहिनी छसबल भिलाई से कार्यालय आईजी दुर्ग रेंज, जयंत वैष्णव एसपी सुरक्षा पुलिस मुख्यालय नाव रायपुर से एसपी एसटीएफ बघेरा दुर्ग तबादला किया गया है। उक्त लिस्ट की लंबे समय से इंतजार किया जा रहा है।




# बारिश का पानी सहेजने अनोखी पहल, डबरियों के माध्यम से 155.92 करोड़ लीटर पानी स्टोर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग


जिले में मानसून की सक्रियता के साथ मोर गांव मोर पानी महाअभियान के परिणाम सामने आने लगे हैं। पिछले कुछ दिनों में हुई अच्छी वर्षा के कारण अभियान के तहत निर्मित वॉटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच, अमृत सरोवर, आजीविका डबरी, नवा तरिया एवं अन्य जल संरक्षण संरचनाएं तेजी से वर्षा जल से भर रही हैं। इससे कृषि, सिंचाई, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं अन्य आजीविका गतिविधियों को मजबूती मिली है। अधिकारियों ने बताया कि जिले में अब तक लगभग 15.96 करोड़ लीटर जल भंडारण क्षमता विकसित की जा चुकी है। 30 आजीविका डबरियां, नवा तरिया-आय के जरिया पहल के अंतर्गत बनी 112 डबरियां एवं तालाब में पानी स्टोर किया जा रहा है।

विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। वर्तमान में 303 काम स्वीकृत किए गए हैं। 300 पंचायतों में जनभागीदारी के माध्यम से भू-जल संवर्धन एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी गई है।

## गांव-गांव में लबालब भर रही हैं जल संरक्षण संरचनाएं, हो रहा भूजल स्तर रिचार्ज

### एक वर्ष में जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां

जिला पंचायत के सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि एक ही वित्तीय वर्ष में जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। इस अवधि में 55,965 वॉटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच, 15 परकोलेशन पॉन्ड, 834 रिचार्ज पिट, 1,324 रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं, 9,663 सोख्ता गड्ढे, 123 तालाब, 20,518 कंटूर ट्रेंच, 26 चेक डैम तथा 28 बोरवेल रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण किया गया। अच्छी मानसूनी वर्षा के साथ इन जल संरक्षण संरचनाओं के भरने से जिले में भू-जल स्तर में सुधार, सिंचाई क्षमता में वृद्धि तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती मिल रही है। मोर गांव मोर पानी अभियान जल संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाते हुए जल सुरक्षा, प्राकृतिक संसाधन संरक्षण, कृषि उत्पादकता में वृद्धि तथा सतत ग्रामीण विकास की दिशा में नए आयाम स्थापित कर रहा है।





### वर्षा जल संरक्षण एवं भूजल रिचार्ज लगातार जारी

पाटन एवं धमधा में वाटरएड इंडिया के सहयोग से चयनित ग्रामों में कुल 6 इंजेक्शन वेल निर्मित किए गए हैं, जिनके माध्यम से वर्षा जल को वैज्ञानिक पद्धति से सीधे भूजल स्तर तक पहुंचाया जाएगा। इन इंजेक्शन वेलों के माध्यम से लगभग 9,324 वर्गमीटर जलग्रहण क्षेत्र का वर्षा जल संरक्षित एवं पुनर्भारित होगा, जिससे आसपास स्थित 47 पेयजल स्रोतों के जलस्तर को बनाए रखने में सहायता मिलेगी। ग्राम घुघुवा, पतोरा, चुन्कत्ता, सेलूद, गोंडपेंड्री एवं फेकारी शामिल हैं। सेलूद एवं गोंडपेंड्री में लगभग 75 घरेलू सोख्ता संरचनाओं का निर्माण किया गया है। 5 सामुदायिक सोख्ता गड्ढों का निर्माण हैंडपंपों के समीप किया गया है। पाटन की 7 तथा धमधा विकासखंड की 8 पंचायतों सहित कुल 15 ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### विकास कार्यों के लिए 44.99 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 6 विकास कार्यों के लिए कुल 44 लाख 98 हजार 929 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। अहिवारा क्षेत्र विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अहिवारा विधानसभा के धमधा विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई है। इसके तहत ग्राम पंचायत गोढ़ी में तीन डोमशेड निर्माण कार्यों नव ज्योति सोसायटी भाटापारा के पास, मातर गौरा पंचायत से लगा मंच के पास तथा गांधी चौक राम मंदिर के पास हेतु प्रत्येक कार्य के लिए 4 लाख 99 हजार 643 रूपए के मान से कुल 14 लाख 98 हजार 929 रूपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार ग्राम परसदा, ग्राम पोटिया तथा ग्राम अछोटी में सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु प्रत्येक कार्य के लिए 10-10 लाख कुल 30 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जोरातराई तहसील दुर्ग निवासी स्व. शंकर तांडी की 8 अप्रैल 2025 को ग्राम जोरातराई नहर के पानी में डूबने से, तहसील भिलाई-3 के अंतर्गत कुम्हारी निवासी स्व. होमदास उर्फ अनिल कुमार वैष्णव, स्व. लक्ष्मी वैष्णव, स्व. चांदनी वैष्णव तथा स्व. गोपिका वैष्णव की 12 मई 2026 को गैस सिलेंडर में आग लगने व फटने से आग में जलने के कारण मृत्यु हुई थी।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जामगांव एम में नवप्रवेशी बच्चों का किया स्वागत

# शहर में ऑडिटोरियम, फुटबॉल मैदान सह एथलेटिक्स ट्रैक, नीट और जेईई की तैयारियों के लिए बनेगा छात्रावास

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

**शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव व विधायक ललित चंद्राकर भी हुए शामिल**

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन पाटन के सेजेस स्कूल जामगांव एम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने विद्यालय में पहली बार प्रवेश लेने वाले बच्चों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। उन्होंने कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी के चयनित विद्यार्थियों को पुस्तकों एवं गणवेश का वितरण किया तथा कक्षा नवमी की पात्र छात्राओं को सायकल प्रदान की। कक्षा पहली के नवप्रवेशी विद्यार्थियों में भूपेन्द्र सिंह पहाड़ी, पार्थ यादव, वीर चंद्राकर, विवान ठाकुर, यश मारकंडे, डाली सिन्हा, दिव्यांशी, लावन्या साहू, लिशिका चंद्राकर एवं मानवी सेन शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे मन लगाकर अध्ययन करें और अपने ज्ञान, प्रतिभा एवं संस्कारों से समाज और प्रदेश का नाम रोशन करें।

विष्णुदेव साय ने कहा कि शिक्षा ही विकास का मूल मंत्र है और राज्य सरकार प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल सरकारी नौकरी प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और जीवन में सफलता का सबसे सशक्त आधार है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में स्मार्ट क्लास, समय पर पुस्तक एवं गणवेश वितरण, अतिरिक्त पौष्टिक आहार, नियमित पालक-शिक्षक बैठक, न्योता भोज जैसी अनेक अभिनव पहलें संचालित की जा रही हैं। राज्य में 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं तथा 24 नालंदा परिसर विकसित किए जा चुके हैं। दिल्ली में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए 200 सीट क्षमता वाले छात्रावास की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, साजा विधायक ईश्वर साहू, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य, आयुक्त समग्र शिक्षा किरण कौशल, कलेक्टर अभिजीत सिंह सहित अन्य मौजूद थे।








### आदिवासी युवाओं को कराई जा रही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी

मुख्यमंत्री ने बताया कि आदिवासी युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए दिल्ली में 200 सीटर ट्राइबल यूथ हॉस्टल संचालित किया जा रहा है, जहां इस साल 13 विद्यार्थियों ने यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए अनेक नवाचार कर रही है। शिक्षा गुणवत्ता अभियान के बेहतर परिणाम सामने आए हैं और बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम भी उल्लेखनीय रहे हैं। उन्होंने कहा प्रदेश में सभी विद्यालयों में चरणबद्ध रूप से कंप्यूटर शिक्षा की व्यवस्था विकसित की जा रही है। प्राथमिक स्तर पर हिन्दी, मध्य स्तर पर अंग्रेजी तथा गणितीय दक्षता बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बालिकाओं के लिए 8 हजार से अधिक शौचालयों की व्यवस्था की जा रही है।

### दुर्ग जिले में बनेंगे 100-100 सीटर के नए छात्रावास

मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग के जेडी, डीईओ एवं बीईओ कार्यालयों के स्थान पर आधुनिक कॉम्पोजिट कार्यालय भवन के निर्माण, दुर्ग शहर में सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम, खेल प्रतिभाओं के लिए फुटबॉल मैदान सह एथलेटिक्स ट्रैक तथा नीट एवं जेईई की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए 100-100 सीटर छात्र एवं छात्रा छात्रावास की स्थापना की घोषणा की। प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा वर्ष 2025-26 में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इनमें पायल रजनी (पीएमश्री विद्यालय, कुम्हारी) को राज्य में प्रथम स्थान, नैतिक आमटे (पीएमश्री विद्यालय, कुम्हारी) को सातवां स्थान तथा श्रद्धा इंदौरिया (सेजेस, जंजगिरी) को राज्य में दसवां स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री एवं अतिथियों ने विद्यालय की खगोल विज्ञान प्रयोगशाला का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने विद्यालय परिसर में कटहल, पुत्रंजीवा, सिंदूरी एवं मौलश्री के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### संस्कार, कौशल और रोजगारोन्मुखी शिक्षा पर दिया जा रहा जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के बाद प्रदेश में कोई भी विद्यालय शिक्षकविहीन नहीं है तथा बस्तर सहित दूरस्थ क्षेत्रों में भी शिक्षा के नए केन्द्र विकसित किए जा रहे हैं। जगरगुंडा में एजुकेशन हब विकसित किया जा रहा है, जिससे वहां के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। उन्होंने प्राचीन गुरुकुल परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा का महत्व सदैव सर्वोच्च रहा है और राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से पढ़ाई के साथ संस्कार, कौशल और रोजगारोन्मुखी शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पिछले ढाई वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नवाचार किए गए हैं और आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का होगा। आने वाले समय में प्रदेश के 9 हजार स्कूलों में स्मार्ट क्लास प्रारंभ किए जाएंगे।

## आरटीआई की जानकारी मुफ्त देने और खर्च की वसूली का आदेश, थमाया दुकान का बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग




नगर निगम दुर्ग में सूचना का अधिकार अधिनियम के नियमों और प्रथम अपीलीय अधिकारी के आदेशों का उल्लंघन सामने आया है। प्रथम अपीलीय अधिकारी प्रकाशचंद थवानी ने आवेदक को निःशुल्क जानकारी देने और इसके खर्च की वसूली संबंधित अधिकारी कर्मचारी से करने का आदेश जारी किया था, लेकिन जनसूचना अधिकारी ने आवेदक को निगम कमिश्नर के नाम निजी फोटोकॉपी दुकान का बिल थमा दिया है। इस प्रशासनिक मनमानी और वित्तीय लापरवाही के खिलाफ अपीलार्थी व तत्कालीन जलकार्य निरीक्षक राजूलाल चन्द्राकर ने 17 जुलाई को दोबारा प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष द्वितीय अपील दायर कर दोषियों पर जुर्माना लगाने और एफआईआर की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक चंद्राकर ने 26 फरवरी को नगर निगम पर सूचना का अधिकार के तहत आवेदन किया था। इसमें उन्होंने निगम 1 जनवरी 2025 से 17 फरवरी 2026 के बीच अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा लिए गए चिकित्सा अवकाश और उनके साथ संलग्न प्रमाणित चिकित्सा दस्तावेजों की मांग की थी।

जनसूचना अधिकारी द्वारा गोल-मोल और भ्रामक जानकारी देने के बाद यह मामला प्रथम अपील में पहुंचा था। 5 मई को प्रथम अपीलीय अधिकारी ने अपने आदेश में साफ निष्कर्ष दिया था कि आवेदक को चाही गई जानकारी नियमानुसार पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाए। समय सीमा में जानकारी न देने के कारण दस्तावेजों की 109 पेज की फोटोकॉपी में होने वाले संपूर्ण व्यय की वसूली सीधे जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी से किए जाने और और उसे निगम मद में जमा कराने का आदेश जारी किया गया था।

आदेश के बाद स्थापना शाखा के नोडल अधिकारी ने जानकारी तो तैयार की, लेकिन उसके साथ विकास फोटो कॉपियर्स का 218 रुपए का बिल संलग्न कर दिया। अपीलार्थी राजूलाल चन्द्राकर ने मामले में 17 जुलाई को दोबारा अपील सबमिट किया है। उन्होंने अपने आवेदन में नियमतः कार्रवाई की मांग की है।

## भिलाई निगम का संपत्तिकर को लेकर सर्वे

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई ने बीएसपी क्षेत्र में संपत्तिकर निर्धारण की प्रक्रिया को तेज करते हुए सोमवार को सेक्टर-6 ए मार्केट की दुकानों का विस्तृत सर्वे और माप कार्य शुरू किया। आयुक्त सुरूचि सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के तहत दुकानों के वास्तविक क्षेत्रफल, निर्मित हिस्से और अन्य आवश्यक जानकारियों का रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। निगम प्रशासन के अनुसार सर्वे का उद्देश्य व्यावसायिक परिसरों का वैज्ञानिक और पारदर्शी संपत्तिकर निर्धारण करना है, ताकि कर प्रणाली अधिक सटीक और व्यवस्थित बन सके। सर्वे के दौरान दुकानों के आयाम और निर्माण संबंधी विवरण दर्ज किए गए। नगर निगम का कहना है कि यह अभियान चरणबद्ध तरीके से पूरे बीएसपी क्षेत्र और निगम सीमा में चलाया जाएगा। इससे कर व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी, राजस्व संग्रह बढ़ेगा और शहर के विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध होंगे। साथ ही संपत्तियों का




अद्यतन रिकॉर्ड तैयार होने से कर निर्धारण से जुड़ी विसंगतियां भी दूर की जा सकेंगी। सर्वे टीम ने व्यापारियों से आवश्यक दस्तावेज और जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की। अधिकांश दुकानदारों ने अभियान में सहयोग किया। इस दौरान सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, सहायक राजस्व निरीक्षक प्रहलाद लहरे, गणित बघेल, प्रकाश महिलवार और महेंद्र बाघमारे सहित निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। निगम प्रशासन ने बताया कि आने वाले दिनों में बीएसपी क्षेत्र के अन्य सेक्टरों और बाजारों में भी इसी प्रकार का सर्वे और माप कार्य जारी रहेगा।

## सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने दुर्ग जिले के धमधा नगर पंचायत में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की प्राविधिक स्वीकृति दी है।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इसकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा विगत मई माह में धमधा में सामुदायिक भवन के निर्माण की घोषणा के अनुपालन में विभाग द्वारा अधोसंरचना मद से यह राशि स्वीकृत की है।

## सीएम पोर्टल की शिकायत पर निगम का एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- कैम्प-1 के 18 नंबर रोड स्थित दुकान पर कार्रवाई

नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण और शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में सीएम पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर निगम की टीम ने कैम्प-1 स्थित 18 नंबर रोड क्षेत्र में खुले में संचालित मांस-मटन दुकान के खिलाफ कार्रवाई की।



आयुक्त सुरूचि सिंह के निर्देशानुसार जोन-3 राजस्व विभाग एवं बेदखली शाखा की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित दुकान खुले में मांस-मटन का विक्रय कर रही थी, जिससे आसपास के क्षेत्र में गंदगी फैल रही थी और स्थानीय नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। निगम अधिकारियों के अनुसार खुले में मांस विक्रय किए जाने से स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी नियमों का उल्लंघन हो रहा था। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दुकान संचालक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और भविष्य में नियमों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर खुले में मांस-मटन का विक्रय न केवल स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावित करता है, बल्कि संक्रमण, दुर्गंध और स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याओं का कारण भी बन सकता है। ऐसे मामलों में निगम द्वारा आगे भी नियमित निगरानी और कार्रवाई जारी रखी जाएगी। आयुक्त सुरूचि सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीएम पोर्टल सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर में स्वच्छ, व्यवस्थित और स्वस्थ वातावरण बनाए रखना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस ने पैदल मार्च निकालकर कोतवाली थाने में सौंपा ज्ञापन

# स्कूली बच्चों तक संदिग्ध दवाएं पहुंचने की हो निष्पक्ष जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

चंद्रशेखर आजाद स्कूल में विद्यार्थियों के कथित रूप से संदिग्ध नशीली दवाइयों के संपर्क में आने से तबीयत बिगड़ने की घटना को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस भवन से गंजपारा होते हुए कोतवाली थाना तक पैदल मार्च निकाला तथा पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच की मांग की।



इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 6-7 स्कूली विद्यार्थियों के एक साथ बीमार पड़ने की घटना ने पूरे शहर के अभिभावकों को चिंता में डाल दिया है। विद्यालय बच्चों के भविष्य निर्माण का केंद्र होता है, ऐसे में यदि किसी भी प्रकार की दवा या नशीला पदार्थ विद्यार्थियों तक पहुंचता है तो यह अत्यंत गंभीर विषय है और इसकी हर पहलू से गहन जांच होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार संबंधित छात्र के मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव ने पुलिस के समक्ष यह जानकारी दी है कि वह डिप्रेशन से पीड़ित है तथा चिकित्सकीय सलाह पर एंटी-साइकोटिक दवाइयों का सेवन करता है। उसका यह भी कहना है कि संबंधित दवा उसका छोटा भाई अनजाने में घर से स्कूल ले गया था। यदि ऐसा है तो इसकी वैज्ञानिक एवं निष्पक्ष जांच कर वास्तविक तथ्यों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, रायसिंह दिकोला, राजेश यादव, प्रेमलता साहू, दीपक साहू, अविनाश यादव, अब्दुल गनी, ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, आनंद कपूर ताम्रकार, कुलदीप भाटिया, देवश्री साहू, ज्ञानू बांगडे, प्रवक्ता सुशील भारद्वाज, ओमप्रकाश जोशी, रतना नरमदेव, निकिता मिलिंद, बिंदु राजपूत, मुकेश साहू, मीना पॉल, मीना मानिकपुरी, सरिता ताम्रकार, अविनाश कुमार निषाद, काशीराम रात्रे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### दवा स्कूल कैसे पहुंची, यह पालकों को जानने का अधिकार

कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि पालकों को यह जानने का अधिकार है कि दवाएं स्कूल तक कैसे पहुंची। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि प्रशासन केवल प्रारंभिक बयानों के आधार पर मामले का निष्कर्ष न निकाले। यह स्पष्ट किया जाए कि संबंधित दवा विद्यालय तक कैसे पहुंची, अन्य विद्यार्थियों तक किस परिस्थिति में पहुंची तथा कहीं इस पूरे घटनाक्रम में किसी प्रकार की लापरवाही या आपराधिक संलिप्तता तो नहीं है। यदि किसी भी स्तर पर दोष या लापरवाही सामने आती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। जिले के सभी स्कूलों एवं उनके आसपास नियमित रूप से विशेष जांच अभियान चलाया जाए। साथ ही विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों एवं पुलिस प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को नशे एवं प्रतिबंधित दवाइयों के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लाभार्थियों को छातों का वितरण



**भिलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा एवं सुशासन के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जन सेवा समिति (मोदी ग्रुप) के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन के दूसरे दिन बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। बारिश को देखते हुए शिविर में आए लोगों समिति के द्वारा निःशुल्क छातों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में समिति के संयोजक लोकेश पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिव्या रतन भसीन और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (ओबीसी मोर्चा) कन्हैया सोनी उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं और आवश्यक सहयोग पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है।

# आत्म कल्याण के लिए धर्म को अंगीकार कर मर्यादामय जीवन जीयें : मुमुक्षु काजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भखारा राल जैन समाज के तत्वाधान में आयोजित बहुमान समारोह में मुमुक्षु बहन काजल नाहर गातापार का दीक्षा के पहले कृषि उपज मंडी भखारा के वृहगं प्रांगण में भव्य अभिनंदन सोमवार को किया गया। प्रारंभ में भगवान महावीर और गुरुओ की जयकारा के साथ भव्य बरगोड़ा नगर में निकाली। बरगोड़ा एवं अभिनंदन समारोह में जामगांव आर बटरेल, बेलहारी, सुरपा, ओदरागहन, निपानी, पचपेड़ी, भेलवाकूदा, बगदेही, कोसमर्रा, खोरपा, कसही, कोर्रा, रानीताराई, गुजरा, पंदर, पाटन, नवागांव, भेलवाकूदा, तर्रागोंदी, सेमरा, भखारा, कुरुद, देवरी, जामगांव जी, दुर्ग, रायपुर, भिलाई, राजनांदगांव, बालोद, धमतरी, सरोना, कांकेर, राजिम, उड़ीसा के जैन श्री संघ सदस्य सहित सैकड़ों धर्म प्रेमी साक्षी बने। भखारा राल जैन समाज अध्यक्ष गौतम चंद चोरड़िया ने बताया कि श्री संघ ने सामूहिक गौतम प्रसादी ग्रहण किए। विख्यात गायक राहुल झाबक की ससंगीत भक्ति ने पूरे वातावरण को भक्ति के रंग में सराबोर रखा। सबके सराहनीय सहयोग से सफलतम अभिनंदन समारोह की यशोगान चर्चा जन समूह में व्याप्त रही।

## भखारा राल जैन समाज ने किया बहुमान समारोह का आयोजन

### मुमुक्षु काजल का परिवार एवं गुरु परिचय

जैन भगवती दीक्षा ग्रहण करने वाली मुमुक्षु बहन बाल ब्रह्मचारिणी काजल नाहर सुपौत्री पुखराज माडू बाई नाहर एवं सुपुत्री विनोद राखी नाहर गातापार की दीक्षा 4 सितंबर बीकानेर में संभावित है। दीक्षा बीकानेर राजस्थान में 4 सितंबर 2026 को वात्सल्य-मुक्ति के प्रणेता आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल महाराज साहब के सानिध्य में एवं उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि महाराज साहब के मुखारविंद से संपन्न होगी। मुमुक्षु बहन काजल नाहर ने कहा कि दुनिया में हमारा जन्म कर्मो का बंध काटते हुए आत्म कल्याण के लिए हुआ है इस बात को जानने वालों की कमी नहीं है लेकिन मानने वालों की संख्या विचारणीय है संतों का सतत सानिध्य मिला बात दिलों दिमाग की तह तक पहुंची और मन साधना की विशेष उत्कृष्ट प्लेटफार्म दीक्षा लेने तक पहुंच गई। उन्होंने कहा कि अभिनंदन समारोह मायावी संसार से अलविदा की सिग्नल है। इसके बाद रिश्तों नातो से दूर गुरु आज्ञा में आत्म कल्याण के मार्ग पर चलते हुए भेंट होते रहेगी। उन्होंने कहा हर कोई मन पर नियंत्रण कर दीक्षा ले पाए ऐसा नहीं है। अच्छे आचरण के साथ मर्यादमयजीवन जिए और इस जीवन को सफल और सार्थक बनाए यही मंगल कामना है।





### आशक्ति छोड़ विरक्ति में रमने की सुंदर व्यवस्था है दीक्षा

मुमुक्षु काजल नाहर ने कहा कि आशक्ति छोड़ विरक्ति में रमने का उत्तम व्यवस्था है गुरु चरणों को आत्मसात कर दीक्षा ग्रहण करना।यह मार्ग भौतिकवादी मायावी दुनिया में रमने वाले को पसंद नहीं आता है।लेकिन आत्म कल्याण के मूल धारणा को अंगीकार करने वालों को मेरी मुमुक्षु बहन काजल की तरह सौभाग्य नसीब हो जाती है। लेकिन जो इस मार्ग पर नहीं बढ़ पाते है उन्हें गृहस्थ जीवन में भी संत जीवन सा आचरण अवश्य करना चाहिए।संत मनीषी कहते है कुमार्ग अशांति छल कपट पापाचार से बचना है तो धर्म की राह चले ,धर्म ही तो जीवन को मानवीय मूल्यों के तहत जीने की राह दिखाती है।

### शिल्पकार गौतमचंद का हुआ सम्मान

सोमवार को भखारा में आयोजित मुमुक्षु बहन काजल के अभिनंदन समारोह के शिल्पकार भखारा राल जैन समाज अध्यक्ष गौतमचंद चोरड़िया बटरेल का समाज ने उनके उत्कृष्ट एवं दृढ़ विचारों के साथ सफल आयोजन के लिए बहुमान किया। समारोह में स्थानीय से लेकर प्रदेश स्तर के सामाजिक पदाधिकारी मोहनलाल बाफना, महेश नाहटा, गंभीरमल सांखला, कवि राधेलाल लोढ़ा, चंचल सांखला, सुरेश बाफना, कवि थानमल ओस्तवाल, तिलोकचंद ओसवाल, जमुना लाल नाहर, मोहनलाल नाहर, कन्हैयालाल गिडिया, इंदर सांखला, राहुल झाबक, देवेंद्र भंसाली, अमरचंद बाफना, सुभाष छाजेड़, नवीन देशलहरा, गोवर्धन कोचर, नीरू बैद, राजू डोसी आदि अभिनंदन समारोह के साक्षी बने। समाज के उच्च स्तरीय पदाधिकारियों का बहुमान भी किया गया।

## खबर संक्षेप



### सामाजिक कार्यकर्ता महेश्वरी को मिला महिला गौरव सम्मान

**अण्डा।** शकुंतला फाउंडेशन, रायपुर द्वारा आयोजित आरोग्यम शिरोमणि सम्मान समारोह–2026 के अंतर्गत ग्राम परसदा (डग) निवासी सामाजिक कार्यकर्ता महेश्वरी साहू को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए 'महिला गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह रायपुर के वृंदावन हॉल में आयोजित हुआ। महेश्वरी साहू ने महिला सशक्तिकरण एवं उन्मुखीकरण कार्यशालाओं के आयोजन, स्वरोजगार आधारित प्रशिक्षण, महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। यह जानकारी चंद्रहास साहू, युवा सामाजिक कार्यकर्ता, गुण्डरदेही ने प्रदान की।

## निधन

### शमशेर सिंह



**भिलाई।** सड़क 24, सेक्टर-2 निवासी सरदार शमशेर सिंह (82 वर्ष) का 20 जुलाई को निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे मानव धनेसर, अम्बर धनेसर और शीतल बेरी के पिता तथा बलजीत कौर और पत्रकार कोमल धनेसर के ससुर थे।

### अनुराधा देशपांडे



**भिलाई।** शांति नगर, सड़क-23 निवासी अनुराधा देशपांडे 88 वर्ष का 19 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्व भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मी मिलिंद देशपांडे एवं शिक्षक प्रशांत देशपांडे की माँ थीं।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका दुर्ग (छ०ग०)**

**सूचना-पत्र**

क्रमांक. 260/रा.नि.मं. 2026 कोहका, दिनांक- 20/7/2026

प्रति, आवेदकगण-1. मोहम्मद अशरफ आ. स्व. मो. जमील, 2. सना नाज पति मोहम्मद अशरफ

अनावेदक / समीपस्थ भूधारक-

1. रामदास-9893128053
2. सुधा रानी तिर्की-6263386303

विषय :- सीमांकन / बटांकन / स्थल निरीक्षण के संबंध में सूचना पत्र।

संदर्भ :- न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर दुर्ग / अधीक्षक भू-अभिलेख दुर्ग / सिविल न्या० का रा०प्र० / ज्ञापन क्र० 31 /प्र. 1 अति.तह. / 2026 दुर्ग, दिनांक-15/7/2026

संदर्भित पत्रानुसार, उपरोक्त विषयांतर्गत संबंध में सूचनार्थ है कि ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका तह० जिला-दुर्ग (छ०ग०) स्थित भूमि ख०नं० 3880 रकबा 0.02 हे. का सीमांकन/बटांकन/स्थल जांच हेतु आवेदक द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में दिनांक 24/7/2026 को समय 11 से 5 के मध्य सीमांकन / बटांकन / स्थल जांच संबंधित कार्य मौके पर किया जाना सुनिश्चित किया गया है। अतः आप सभी हितबध्द पक्षकार संबंधित आवश्यक दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवे, समयापश्चात आपत्ति स्वीकार्य नही होगी।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. कोहका, दुर्ग

## प्रदर्शन : किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# निकुम सहकारी समिति में भ्रष्टाचार का आरोप किसानों ने दिया 20 दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम निकुम स्थित सेवा सहकारी समिति, पंजीयन क्रमांक 692 में व्याप्त अनियमितताओं के विरोध में सोमवार को पंजीकृत किसानों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरने के बाद किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार अधिकारी दुर्ग के माध्यम से सौंपा। इस दौरान पूर्व गृहमंत्री एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ताम्रध्वज साहू तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर भी धरना स्थल पर पहुंचे। दोनों नेताओं ने किसानों की समस्याएं सुनीं और भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सहकारी समितियों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण किसान परेशान हैं।

किसानों का आरोप है कि समिति में पिछले 5 वर्षों से आमसभा नहीं बुलाई गई है। कृषकों के अंशदान का कोई हिसाब नहीं दिया जा रहा। वर्ष 2023-24 और 2024-25 में की गई शिकायतों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके साथ ही प्राधिकृत अध्यक्ष द्वारा मनमानी तरीके से कामकाज किया जा रहा है।

## पूर्व मंत्री ताम्रध्वज और जिला अध्यक्ष राकेश धरना स्थल पर पहुंचे, भाजपा सरकार को घेरा





### किसानों की 6 सूत्रीय मांगें

ज्ञापन में किसानों ने शासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है जिसमें समिति और बैंक शाखा के माध्यम से आमसभा आयोजित कर पिछले 5 वर्षों का कृषक अंशदान का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाए। 2023-24 और 2024-25 की लंबित शिकायतों की जांच पुनः की जाए। यह जांच किसानों की मौजूदगी में आमसभा के माध्यम से हो। सेवा सहकारी समिति निकुम की संचालन समिति का निर्वाचन शीघ्र किसानों द्वारा कराया जाए। वर्तमान प्राधिकृत अध्यक्ष का कार्यकाल तत्काल समाप्त किया जाए और किसानों द्वारा गठित निगरानी समिति को मान्यता दी जाए। प्राधिकृत अध्यक्ष पर पंजी बंद करने के आरोप में 7 दिन के भीतर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। समिति के सुचारू संचालन के लिए योग्य और व्यवस्थित कर्मचारियों की नियुक्ति आमसभा की सहमति से की जाए।

### उग्र आंदोलन करने की चेतावनी

किसानों ने स्पष्ट कहा है कि यदि 20 दिन के भीतर उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वे वृहद आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने बताया कि खाद-बीज और ऋण वितरण में भी गड़बड़ी की जा रही है, जिससे खेती प्रभावित हो रही है। धरना स्थल को संबोधित करते हुए ताम्रध्वज साहू ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान केवल नारों तक सीमित रह गया है। सहकारी समितियां भ्रष्टाचार का केंद्र बन गई हैं। जब तक आरोपी पर कार्रवाई नहीं होती और किसानों को न्याय नहीं मिलता, कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। राकेश ठाकुर ने कहा कि निकुम की स्थिति पूरे जिले का उदाहरण है। सरकार जांच के नाम पर समय बिता रही है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की, अन्यथा कलेक्टर कार्यालय का घेराव और चक्काजाम की चेतावनी दी। धरने में अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवेंद्र देशमुख, पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, नंदकुमार साहू ललित देशमुख, उत्तम धनकर, मनीष बेलचंदन, कुलेश्वर साहू, डॉ. पिलेश्वर साहू, घनश्याम गजपाल, देवेन्द्र कुमार, दिपांशु यादव, राजेन्द्र साहू, रामकुमार आडिल, रमेश साहू, देवलाल साहू, बलराम देशलहरे सहित बड़ी संख्या में किसान गण और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।



# तंबाकू निषेध कार्यक्रम में निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जन जागरुकता फैलाने तथा समाज को तंबाकू मुक्त बनाने के उद्देश्य से पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कुम्हारी द्वारा तंबाकू निषेध जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत जागरुकता रैली का आयोजन किया गया।

यह जागरुकता रैली प्राचार्य डॉ. विजया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। रैली के प्रभारी डॉ. रेखराम रहे। इस अवसर पर डॉ. अजय सिंह, कोर्राम, श्रीवास्तव, एमएल साहू सहित समस्त विद्यालय परिवार ने सक्रिय सहभागिता की।

विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नगर भ्रमण कर नागरिकों को तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों ने जागरुकता संदेशों एवं नारों के माध्यम से लोगों को तंबाकू से दूर रहने का संदेश दिया।

रैली के दौरान तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो, नशा छोड़ें, स्वस्थ जीवन अपनाएं तथा तंबाकू मुक्त समाज, स्वस्थ समाज जैसे नारों के माध्यम से आम नागरिकों से तंबाकू एवं नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करने का आह्वान किया गया।

■ **विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे से दूर रखने निरंतर जागरुकता अभियान चलाने का लिया संकल्प**

इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने समाज को तंबाकू-मुक्त बनाने तथा विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए निरंतर जागरुकता अभियान चलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आम नागरिकों में नशा मुक्त एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और तंबाकू निषेध के प्रति जागरुकता उत्पन्न करना रहा।

# मेधावी विद्यार्थियों ने किया विधानसभा और जंगल सफारी का शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

सेजस विद्यालय चंदखुरी के कक्षा नवमी एवं बारहवीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद चंद्राकर एवं कार्यकारी अध्यक्ष भूपेन्द्र साहू के नेतृत्व में, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की सहमति से विधानसभा एवं जंगल सफारी के शैक्षणिक भ्रमण का अवसर मिला। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समिति के सदस्यों ने सबसे पहले छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुंचकर दर्शक दीर्घा से सदन की कार्यवाही का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने विधानसभा की दैनिक कार्यवाही को करीब से देखकर लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं विधायी प्रक्रिया की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस अनुभव से उत्साहित विद्यार्थियों ने विधायक ललित चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं जनभागीदारी समिति द्वारा शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव एवं विधायक ललित चंद्राकर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने जंगल सफारी का भ्रमण किया, जहां उन्होंने सफारी वाहन से शेर, बाघ, हिरण, सांभर, चीतल, मोर, मोरनी, भालू, नीलगाय, बारहसिंगा सहित विभिन्न वन्यजीवों को निकट से देखा। वन विभाग के कर्मचारियों ने वन्यजीवों के संरक्षण, उनके व्यवहार एवं प्राकृतिक आवास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा कीं, जिससे विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि हुई। इस शैक्षणिक भ्रमण में कार्यकारी अध्यक्ष भूपेन्द्र साहू, जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, उपसरपंच योगिता यादव, प्रभारी प्राचार्य रश्मि पाठक, पोषण देवांगन, दुर्गेश साहू, शिक्षाविद दुष्यंत चंद्राकर, दिव्या तिवारी, दुर्गा देशमुख, मंजु देशमुख, लता चंद्राकर, रमा साहू, सूर्यांश साहू, दिव्यांश साहू, हेमा भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

# जनभागीदारी समिति की बैठक में कई विषयों पर चर्चा

**धमधा।** चंदूलाल चंद्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, धमधा में शनिवार को प्राचार्य डॉ. जी.डी.एस. बग्गा की अध्यक्षता एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र दानी के मुख्य आतिथ्य में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में जनभागीदारी समिति के सदस्य सामर्थ ताम्रकार (एलुमनी अध्यक्ष), राजा स्वर्णकार (सांसद प्रतिनिधि), प्रवीण ढीमर, उज्ज्वल ताम्रकार एवं उज्ज्वल जैन सहित अन्य सदस्य तथा प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारियों एवं महाविद्यालय के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान जनभागीदारी शुल्क, महाविद्यालय परिसर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा की स्थापना, जनभागीदारी कर्मियों की नियुक्ति तथा अन्य विकासात्मक कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के उपरांत महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उपस्थित सदस्यों ने महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक प्रयास करने पर भी सहमति व्यक्त की। बैठक का संचालन डॉ. एस.के. मेश्राम ने किया।

## बिजनेस साइट

# पीजीडीसीए में प्रवेश के लिए आवेदन 24 तक




**दुर्ग।** बीएम कॉलेज, गोकुल नगर पुलगांव दुर्ग, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से मान्यता प्राप्त संस्था है। इसके अंतर्गत बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए और बीएड कोर्स संचालित है। बीएड के लिए कॉलेज कोड 114336 है। बीएड प्रवेश की प्रक्रिया काउंसलिंग द्वारा की जाएगी। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में प्रथम वर्ष और पीजीडीसीए कोर्स में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ है। बीएम प्राइवेट आईटीआई, एनसीवीटी दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत ट्रेड- कोपा (कंप्यूटर), इलेक्ट्रीशियन, फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर एवं स्टेनो हिंदी कोर्स संचालित है। आरक्षित वर्ग के लिए छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। छात्र अपनी सुविधानुसार ट्यूशन फीस को किस्तों में भी जमा कर सकते हैं।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# किरायावृद्धि से सैकड़ों रिटेंशन आवासधारियों में बढ़ा असंतोष, तेज होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टाउनशिप के सैकड़ों रिटेंशन आवासधारियों की बेहतहाशा किरायावृद्धि और लायसेंसी आवासों को लेकर अब तक बीएसपी से राहत नहीं मिलने से आक्रोश बढ़ रहा है। यूनियन व जन प्रतिनिधियों के पुरजोर विरोध के बाद भी बीएसपी प्रबंधन द्वारा अब तक समस्या का निदान नहीं किए जाने से आवासधारी सेवानिवृत्त संयंत्र कर्मियों को अब बेघर होने की चिंता सता रही है। आवासधारियों ने पंद्रह दिन में किरायावृद्धि वापस नहीं लेने और बेदखली कार्रवाई बंद नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

बीएसपी द्वारा 14 सौ सेवानिवृत्त कर्मियों को रिटेंशन स्कीम के तहत बीएसपी क्वार्टर आवंटित किए गए थे। पिछले दिसंबर महीने में भारीभरकम 32 गुना किराया वृद्धि करने के साथ आगे के लिए इस स्कीम को भी बंद कर दिया गया है। इसके अलावा लायसेंसी आवासों का भी नवीनीकरण बंद कर दिया गया है। वहीं रिटेंशनधारियों को नोटिस देने के साथ बेदखली की भी कार्रवाई की जा रही है। बकाया किराया जमा नहीं करने के नाम पर अब तक दो दर्जन से अधिक रिटेंशनधारियों को बेदखल किया जा चुका है। इससे गुस्साए रिटेंशनधारी व लायसेंसी आवासधारी अब एकजुट हो रहे हैं। बीएसपी सेवानिवृत्त रिटेंशनधारी कर्मचारी कल्याण संघ ने प्रबंधन से रिटेंशन व तृतीय पक्ष आवासीय योजना मामले में भेदभाव खत्म कर किराया वृद्धि वापस नहीं लेने और बेदखली कार्रवाई बंद नहीं किए जाने पर राहत के लिए पखवाड़ेभर बाद तीन चरणों में आंदोलन का ऐलान किया है। संघ के अध्यक्ष सुरेशचंद ने बताया कि पहले चरण में आंदोलन के लिए प्रभावितों से घर घर सर्वे कर समर्थन लिया जाएगा। इसके बाद बीएसपी के इस्पात भवन तक विरोध रैली निकाली जाएगी। अंतिम चरण में राहत मिलते तक सैकड़ों आवासधारियों के साथ अनिश्चितलीन क्रमिक भूख हड़ताल की जाएगी।

## बीएसपी सेवानिवृत्त रिटेंशनधारी कर्मचारी कल्याण संघ सर्वे बाद निकालेगा रैली

### अवैध कब्जे रोकने लाए रिटेंशन स्कीम

सेल निदेशक मंडल की 21 व 25 जुलाई 2008 को हुई 340 वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि बीएसपी में हाउस लीजिंग स्कीम का एक और चरण भविष्य में लागू किया जाएगा। लेकिन प्रबंधन कि लापरवाही के चलते इसे क्रियान्वित नहीं किया जा सका, और इसके फलस्वरूप खाली हो रहे आवासों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने तथा अवैध कब्जों व उससे होने वाली राजस्व हानि को रोकने के उद्देश्य से हाउस रिटेंशन स्कीम तथा बाद में हाउस लाइसेंस स्कीम लागू की गई।यूनियन के सुरेशचंद ने बताया कि सभी श्रेणियों में सर्वाधिक किराया सदैव उन सेवानिवृत्त कर्मचारियों से वसूला जाता रहा है जिन्होंने हाउस रिटेंशन स्कीम के अंतर्गत अपने आवास सुरक्षित रखे हैं। ये कर्मचारी सामान्य किराये के 32 गुना दंडात्मक किराये (पैनल रेंट) का नियमित भुगतान करते रहे हैं। प्रबंधन द्वारा इतने लंबे समय तक नियमित रूप से दंडात्मक किराया स्वीकार किया जाना इसका प्रमाण है कि उनका आवास धारण प्रबंधन द्वारा मान्यता प्राप्त व्यवस्था के अंतर्गत है। लिहाजा उन्हें किसी भी प्रकार से अनधिकृत कब्जाधारी मानकर बेदखल नहीं किया जा सकता है।



### आवासीय नीति में भेदभाव का विरोध

प्रबंधन से आवासों में भेदभाव खत्म कर समान आवास नीति बनाने की मांग की जा रही है। सुरेशचंद ने बतायी कि बीएसपी के अनेक ऐसे आवास, जिन पर राज्य और केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और अनेक तृतीय पक्ष आवंटियों वर्षों तक बीएसपी के आवासों में निवास कर रहे हैं। इनमें कई अधिकारी रिटायर हो चुके हैं और दूरस्थ स्थानांतरित भी हो चुके हैं। लेकिन ऐसे तृतीय पक्ष आवंटितों से अनधिकृत अवधि अथवा निर्धारित समय से अधिक अवधि तक आवास में रहने पर कोई दंडात्मक किराया नहीं लिया जाता।उनके विरुद्ध बकाया राशि की वसूली हेतु प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती। यह भेदभाव समानता के सिद्धांतों के प्रतिकूल है। कई रिटेंशनधारी वरिष्ठ नागरिक व बीमार हैं। कई विधवाएं हैं। यह 32 गुना किराया जमा करने में अक्षम हैं।

### दंडात्मक कार्रवाई से आक्रोश

यूनियन द्वारा रिटेंशन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के विरुद्ध जारी की जा रही सभी दमनात्मक एवं बेदखली संबंधी कार्यवाहियों पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा अनधिकृत रूप से अथवा अनधिकृत अवधि तक कब्जा किए हुए सभी तृतीय पक्ष आवंटितों के विरुद्ध समान रूप से विधिसम्मत कार्यवाही की मांग की गई है। संशोधित मकान किराये की पुनः समीक्षा एवं पुनर्विचार कराया जाए तथा उसमें की गई अत्यधिक एवं असंगत वृद्धि को वापस लेकर तृतीय पक्ष आवंटितों पर लागू दरों के समकक्ष लाया जाए। यूनियन के अध्यक्ष सुरेशचंद ने बताया कि रिटेंशनधारियों की समस्या पर कोई जानकार अधिकारी व जन प्रतिनिधि प्रबंधन से बात नहीं कर सकता है। सिर्फ पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय को ही लंबे अनुभव के चलते इस मामले में प्रबंधन से बात कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### जामुल क्षेत्र में 50 लाख से अधिक का विकास

**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल में पीआईसी की बैठक हुई। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने



बताया कि सभी सभापतियों की सहमति से 50 लाख रुपए का विकास कार्य क्षेत्र में किया जाएगा। नपा अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र की विकास में हर संभव प्रयास किया जाएगा। जामुल में जो भी विकास किए जा रहे है जनता के अनुरुप ही हो रहा है। 15 वे वृत्त आयोग से पालिका क्षेत्र में 18.46 लाख रूपये से सीसी रोड निर्माण, अध्यक्ष निधि तीन स्थानों पर चबूतरा, 19.64 लाख रूपये, पार्षद निधी से सामुदायिक भवन पाइप लाइन विस्तार,सीसी रोड, चबूतरा निर्माण डोमशेड निर्माण के लिए 11.75 लाख रूपये स्वीकृति की गई। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि इसके अलावा तीन आंगनबाड़ी पूर्ति के लिए पद और राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना को शामिल किया गया। पीआईसी बैठक में खम्भन ठाकुर, कविता विश्वाल,शांति टण्डन, चुम्मन वर्मा, सीमा यादव समेत सीएमओ रमाकांत साहू, उप अभियंता सचिन भागवत, लेखापाल शिवाजी प्रसाद, राजस्व निरीक्षक हरिश साहू, रामू देवांगन, मोहन वर्मा, पुरुषोत्तम सोनी, समेत विभाग के प्रभारीगण मौजूद थे।

### शिव सेना ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**भिलाई।** शिव सेना यूबीटी ने राज्यपाल के नाम पर ज्ञापन सौंपा, जिसमें उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य की मूलभूत समस्याओं जन असंतोष एवं कानून व्यवस्था के संबंध में शिवसेना यूबीटी द्वारा ध्यान आकर्षण एवं स्मारक पत्र। शिवसेना उद्धव, बालासाहेब ठाकरे छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेश प्रमुख डॉ.आनंद सिंह मल्होत्रा के नेतृत्व में रविवार को छत्तीसगढ़ को अस्तित्व में आए ढाई दशक होने को है परंतु आज भी राज्य की बुनियादी व्यवस्थाएं चरमराई हुई है। जनहित और राज्य के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए हम निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर हस्तक्षेप की मांग करते हैं। राज्य में पिछले कुछ समय से कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है। इसके अलावा गांजा, चरस, अफीम और अन्य नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार तेजी से बढ़ा है।

## कलेक्टर के आश्वासन के बाद भी ट्रांसपोर्टरों को राहत नही

# उद्घाटन के पूर्व ही चौतरफा समस्याओं से जूझ रहा ट्रांसपोर्टनगर, बढ़ रहे अवैध कब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

औद्योगिक क्षेत्र भिलाई से लगे ट्रांसपोर्टनगर के अब तक आधे अधूरे होने का खामियाजा सैकड़ों ट्रांसपोर्टरों को भुगतना पड़ रहा है। उदघाटन के पूर्व ही जलभराव व बुनियादी सुविधाओं की बदहाली के साथ अवैध कब्जों की समस्या बढ़ रही है। इस मामले में नगर निगम और प्रशासन उदासीन बने हुए हैं। जल्द राहत नहीं मिलने पर ट्रांसपोर्टरों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि ट्रांसपोर्टरों की पुरजोर मांग पर वर्षों से बदहाल ट्रांसपोर्टनगर के कायाकल्प के लिए छह साल पूर्व निर्माण कार्य शुरु हुआ था। फेस -1 और फेस- टू के तहत निर्माणाधीन इस ट्रांसपोर्टनगर वाहनों को खड़ा करने प्लेटफार्म, सड़कें, स्ट्रीट लाइटें, प्रशाधन, नालियों, ट्रांसपोर्टरों के कार्यालय आदि निर्माण किया जाना था। लेकिन नगर निगम की सुस्ती के चलते अब तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। अभी पंद्रह से बीस प्रतिशत काम बाकी है। इस कारण ट्रांसपोर्टरों को चौतरफा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उदघाटन के पूर्व सड़कें उघड़ने लगी हैं और नालियां धसक रही हैं। इससे ट्रांसपोर्टरों को बारिश के मौसम में जलभराव के साथ आवाजाही की समस्या का सामना करना पड़ेगा। वहीं यहां चौतरफा कब्जों की समस्या अलग बनी हुई है। छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्ट कल्याण संघ द्वारा कई बार नगर निगम व कलेक्टर से मिलकर कब्जा हटाने और जल्द निर्माण पूर्ण करने की मांग के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे परेशान ट्रांसपोर्टरों ने जल्द राहत नहीं मिलने पर बड़े धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। ट्रांसपोर्टर संघ के अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि ट्रांसपोर्टनगर की कीमती जमीन पर जमीन व आफिसों में कब्जा कर कब्जेधारियों ने दुकानें खोल ली हैं। लगातार मांग के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं रो रही है। कब्जे हटाए जा रहे हैं और न ही ट्रांसपोर्टनगर का निर्माण पूर्ण किया जा रहा है।

## जाम से परेशानी, ट्रांसपोर्टर देंगे धरना, चोरी की बढ़ रही घटनाएं

### नालियां व बिजली पोल धसक रहे

पिछले तीस साल से पुराने ट्रांसपोर्टनगर की बदहाली के कारण हर साल बरसात के मौसम में जलभराव से टापू बन जाने की समस्या बनी हुई है। लेकिन फेस -1 और फेस 2 में तैयार नए ट्रांसपोर्टनगर में भी पानी निकासी के लिए बनाई गईं नालियां अभी से टूटने लगीं हैं। नहर व गेट के पास सहित तीन नालियां धसक गई हैं। कई नालियां जाम हो रही हैं। वहीं स्ट्रीट लाइटें अब तक नहीं लगाई गई हैं। मात्र बिजली के पोल खड़े कर दिए गए हैं। कई खंभे भी धसकने लगे हैं। दोनों फेस में सीसी रोड भी उखड़ने लगी है। पहली ही बारिश में गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य नगर निगम की कलई खोल रहा है। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि नहर पर स्थित पुरानी पुलिया पूरी तरह जर्जर होने से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई बार निगम से नए पुल निर्माण की मांग के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



### सड़कों व आफिसों में कब्जे

ट्रांसपोर्टनगर में अवैध कब्जों की समस्या बढ़ती जा रही है। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि पार्किंग और रेलवे ट्रैक के किनारे तक कब्जाधारियों ने अतिक्रमण कर रखा है। सड़कों पर कई दिनों तक लोग पुरानी गाड़ियां खड़ी कर रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका व जाम की समस्या बनी रहती है। कई मैकेनिक, टायर व रिपेयर शांप वाले कब्जा कर गाड़ियां बनाते रहते हैं। वहीं रेलवे लाइन किनारे चाय नाश्ते ठेलों पान गुटखा व पेटिंग रिपेयर आदि की दुकानें तन गई हैं। ट्रांसपोर्टरों के आफिसों पर भी कब्जा कर दुकानें खोल ली गई हैं। कब्जो के साथ जाम लगने व दुर्घटना के बाद भी पुलिस उदासीन बनी हुई है।

### चोरी व शराब दुकान से समस्या

ट्रांसपोर्टनगर में आए दिन चोरी की घटनाओं से ट्रांसपोर्टर परेशान हैं। कई बार शिकायत के बाद भी पुलिस निष्क्रिय है। ट्रांसपोर्टरों के आफिसों और परिसर से कई सामान चोरी हो चुके हैं। वहीं निकट शराब दुकान होने से माहौल अराजक बना हुआ है। शराब पीकर लोग गालीगलौज और उत्पात मचाते रहते हैं। छग ट्रक ट्रेलर कल्याण संघ के अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि नगर निगम कमिश्नर व कलेक्टर से अवैध कब्जे हटाने की मांग करने के बाद भी अब तक समस्या का निदान नहीं होने से ट्रांसपोर्टरों की परेशानी बढ़ रही है। जल्द कार्रवाई नहीं होने पर ट्रांसपोर्टर धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे।

# मौत के बाद जागा निगम खुली नाली को कराया बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सुपेला के व्यस्त लक्ष्मी नगर मार्केट में एक व्यापारी की दर्दनाक मौत ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस खुली नाली को लेकर महीनों से स्थानीय व्यापारी, रहवासी और सामाजिक संगठन चेतावनी देते रहे, उसी नाली ने आखिरकार एक व्यक्ति की जान ले ली। हादसे के बाद अब निगम प्रशासन ने खुली नाली को सीमेंटीकरण कर बंद कराया। समय रहते सुरक्षा के इंतजाम किए जाते तो व्युक्ति की जान बच सकती थी। वैशाली नगर निवासी जी शंकर राव (64 वर्ष) शनिवार देर रात दोपहिया वाहन से घर लौट रहे थे। बारिश के कारण लक्ष्मीनगर सड़क किनारे बनी खुली नाली पानी से पूरी तरह भर गई थी। अंधेरे और जलभराव के कारण उन्हें नाली दिखाई नहीं दी और उनकी स्कूटी सीधे नाली में जा गिरी। गिरने से सिर में गंभीर चोट लगी और अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इस नाली को लेकर कई बार शिकायतें की गई थीं। कुछ समय पहले इसी स्थान पर एक कार भी फंस चुकी थी। तब भी नगर निगम अधिकारियों को चेतावनी दी गई थी कि यदि नाली को ढंका नहीं गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। बावजूद इसके कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। हैरानी की बात यह है कि कुछ माह पहले अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान निगम अधिकारियों ने स्वयं इस क्षेत्र का निरीक्षण किया था। स्थानीय लोगों ने खुली नाली की समस्या से उन्हें अवगत भी कराया था। अधिकारियों ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन आश्वासन कागजों तक ही सीमित रह गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क चौड़ी होने के कारण वाहन चालक रात के समय सामान्य गति से अधिक रफ्तार में निकलते हैं। ऐसे में सड़क किनारे मौजूद यह खुली नाली किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती थी। बारिश के मौसम में स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है क्योंकि नाली पूरी तरह पानी में छिप जाती है। कुछ समय पहले ट्रैफिक पुलिस ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से नाली के दोनों ओर स्टॉपर और बैरिकेड्स लगाए थे, लेकिन बाद में वे हटा दिए गए।

■ लक्ष्मी नगर मार्केट हादसे ने खोली सिस्टम की पोल

### विदेश दौरे पर रवाना हुए सांसद



**भिलाई।** दुर्ग सांसद विजय बघेल सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में विदेश यात्रा पर रवाना हुए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। सांसद विजय बघेल राष्ट्रपति के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया और रोमानिया की राजकीय यात्रा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताते हुए उपस्थित जनप्रतिनिधियों और समर्थकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। विदाई के दौरान कहा गया कि विजय बघेल की यह यात्रा भारत और यूरोपीय देशों के बीच संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही भारत की सांस्कृतिक, आर्थिक और कूटनीतिक छवि को वैश्विक मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करने का अवसर भी प्रदान करेगी। इस अवसर पर पंकज शर्मा, परमजीत सिंह, अभिषेक वर्मा, दीपांशु सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभी ने विजय बघेल की सफल, सुरक्षित और गौरवपूर्ण यात्रा के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

# शिक्षा सुधार और वांगचुक के समर्थन में भिलाई में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शिक्षा व्यवस्था में सुधार और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में सुपेला घड़ी चौक पर नागरिकों, युवाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर जन-प्रदर्शन एवं एकजुटता सभा आयोजित की। प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की मांग करते हुए केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियों का ध्यान छात्रों की समस्याओं की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि भले ही वे दिल्ली में चल रहे आंदोलनों का हिस्सा प्रत्यक्ष रूप से न हों, लेकिन भिलाई से उठने वाली आवाज भी देशभर में शिक्षा सुधार की मांग को मजबूती देगी। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक विचारधारा का नहीं, बल्कि देश के विद्यार्थियों, युवाओं और उनके भविष्य का सवाल है। प्रदर्शन के दौरान शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया गया। नागरिकों ने देश में पारदर्शी और जवाबदेह शिक्षा प्रणाली लागू करने की मांग की। साथ ही शिक्षा व्यवस्था में सामने आई अनियमितताओं और परीक्षा संबंधी विवादों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग भी की गई।



■ सुपेला घड़ी चौक पर जुटे नागरिक, शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही और परीक्षा सुधारों की उठाई मांग

सभा में मौजूद लोगों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को समाप्त करने तथा परीक्षाओं के आयोजन की व्यवस्था को केंद्रीकृत करने के बजाय राज्यों और स्थानीय स्तर पर विकेंद्रीकृत करने की मांग रखी। उनका कहना था कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और स्थानीय स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित होगी। प्रदर्शनकारियों ने पेपर लीक और परीक्षा धांधली के मामलों की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराने की भी मांग की। वक्ताओं ने कहा कि परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही गड़बड़ियां लाखों छात्रों के भविष्य को प्रभावित कर रही हैं।

### परीक्षा घोटाले के विरुद्ध सिविक सेंटर में सीटू का प्रदर्शन

**भिलाई।** पेपर लीक और परीक्षाओं में घोटाले के विरुद्ध सीटू द्वारा सोमवार को सिविक सेंटर स्थित सेल परिवार चौक में प्रदर्शन किया गया। यूनियन के लोगों के साथ जन संगठनों के लोग भी शामिल हुए। भिलाई कोतवाली थाना प्रभारी के



माध्यम से राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की गई। प्रदर्शन में सीटू नेताओं ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक, परीक्षा संबंधी अनियमितताओं तथा मूल्यांकन में कथित गड़बड़ियों ने पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता को गहरे संकट में डाल दिया है। यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य, उनके परिश्रम और देश के शिक्षा तंत्र पर सीधा हमला है। सीटू ने कहा कि केवल पेपर लीक ही नहीं, बल्कि सीबीएसई बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन गलत मूल्यांकन के कारण अनेक विद्यार्थियों के अंक प्रभावित हुए, जिससे उनके उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश, छात्रवृत्ति और भविष्य के अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। यदि मूल्यांकन प्रक्रिया ही विश्वसनीय नहीं रहेगी । प्रदर्शन में सीटू ने कहा कि लगातार सामने आ रही इतनी गंभीर घटनाओं के बावजूद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार न करना लोकतांत्रिक जवाबदेही से बचने का प्रयास है। यूनियन ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और पेपर लीक घोटाले की सीबीआई जांच की मांग राष्ट्रपति से की है।

## इंटक की बैठक में दुर्घटनाओं की रोकथाम पर चर्चा

# बीएसपी में सुरक्षा मानकों का हो कड़ाई से पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर इंटक यूनियन की बैठक आयोजित की गई। हाल में हुई औद्योगिक दुर्घटनाओं, विभिन्न कार्यस्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था तथा श्रमिकों के सुरक्षित कार्य वातावरण पर से चर्चा के साथ सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने की मांग प्रबंधन से की गई। बैठक में यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि उत्पादन के साथ कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रत्येक कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन, आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता तथा नियमित सुरक्षा प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।इंटक यूनियन ने प्रबंधन से मांग की कि सभी विभागों में नियमित सुरक्षा ऑडिट कराया जाए, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं तथा कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों को गुणवत्तापूर्ण व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। ठेका श्रमिकों को भी स्थायी कर्मचारियों के समान सुरक्षा सुविधाएं एवं प्रशिक्षण दिया जाए।





### आवास संबंधी समस्याओं पर भी की गई चर्चा

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यदि किसी भी विभाग में सुरक्षा संबंधी लापरवाही पाई जाती है तो यूनियन इस विषय को प्रबंधन के समक्ष गंभीरता से उठाएगी तथा श्रमिकों के हितों और सुरक्षा की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। कर्मियों के आवास संबंधी समस्याओं पर भी चर्चा हुई। इंटक यूनियन ने मांग की कि कर्मचारियों के बेहतर आवास आवंटन एवं खाली पड़े आवासों के संरक्षण के लिए सब्जेक्ट टू वेकेशन योजना को शीघ्र प्रारंभ किया जाए।

### मच्छरनाशक दवा के छिड़काव की मांग

यूनियन ने कहा कि टाउनशिप में मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ने से डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्र में नियमित रूप से मच्छरनाशक दवा का छिड़काव किया जाए तथा फॉगिंग मशीन के माध्यम से धुआँ कराकर मच्छरों के प्रभावी नियंत्रण की व्यवस्था की जाए।बैठक में इंटक यूनियन के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### बीएसपी ने 8.4 मेगावाट वेस्ट गैस फैन मोटर का किया मॉडिफिकेशन



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 के 8.4 मेगावाट एचटी सिंक्रोनस वेस्ट गैस फैन मोटर का लेवल-4 (एल-4) का मॉडिफिकेशन अपने आंतरिक संसाधनों (इन-हाउस) से सफलता से संपन्न किया है। बाहरी एजेंसी से यह कार्य कराने पर लाखों रुपए खर्च होते, जिसे बीएसपी ने काफी कम खर्च में कर डाला है। इस परियोजना के अंतर्गत मोटर के मॉडिफिकेशन में क्रायोजेनिक क्लीनिंग तकनीक का उपयोग किया गया। इसे अधिक प्रभावी एवं सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक विशेष उपकरण (स्पेशलाइज्ड मेंटेनेंस टैकल्स) भी संयंत्र स्तर पर ही विकसित किए गए। इससे मोटर की कार्यक्षमता, विश्वसनीयता एवं सेवा आयु में वृद्धि होगी। अनुरक्षित (मॉडिफिकेशन) एवं पुनर्स्थापित मोटर का लोकार्पण मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बीके बेहरा द्वारा किया गया। इस परियोजना सीजीएम टीके कृष्ण कुमार, सजीव वर्गीज, राहुल बिजुरकर तथा जीएम एके डे व कार्तिकेय बेहरा के नेतृत्व में कार्मिकों की टीम ने किया।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 21 जुलाई 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

लाइव इवेंट

## बारिश में भीगी मुस्कानें, आंगनबाड़ी में बच्चों को बांटे छाते और स्नैक्स



**भिलाई।** वर्षा ऋतु की पहली बारिश के साथ बच्चों के चेहरे पर खुशी भी दोगुनी हो गई। संयुक्त महिला समिति, प्रगति नगर रिसाली ने वार्ड 24 के आंगनबाड़ी केंद्र में छोटे-छोटे नन्हे मुन्नों को रंग-बिरंगे छाते भेंट किए। छाता मिलते ही बच्चे खुशी से उछल पड़े और बारिश में भीगने की जिद करने लगे। समिति ने सिर्फ छाता ही नहीं, बच्चों के लिए चॉक्लेट, बिस्कुट, चिप्स और फ्रूटी का भी इंतजाम किया था। टॉफी और स्नैक्स पाकर बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। आंगनबाड़ी का पूरा माहौल खुशी से भरपूर दिखाई दिया। कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष अनुजा अग्रवाल ने कहा कि बारिश में बच्चों को स्कूल आते-जाते तकलीफ न हो, इसीलिए यह छोटा सा प्रयास किया गया है। बच्चे ही हमारा भविष्य हैं और उनकी खुशी में ही हमारी खुशी है। महासचिव लतिका राजन और सचिव ममता श्रीवास्तव ने बताया कि समिति हर साल समाजसेवा के विभिन्न कार्य करती है। इस बार मानसून को ध्यान में रखकर छाता वितरण का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर समिति की सहसचिव नैन्सी डैनियल, कोषाध्यक्ष सरस्वती गुप्ता, सलाहकार शारदीनी नायडू, लीना दास, मधुमिता भौमिक, ऋतु मित्तल, नीरा लखेरा, सुष्मिता रथ, सुरेखा निर्गोसकर, संध्या सटकर, अनीता सिंह, प्रियंका सिंह, सरिता सिंह और तनु सोनवानी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सभी महिला पदाधिकारियों ने मिलकर बच्चों को छाता और स्नैक्स वितरित किए। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद जहीर अब्बास ने समिति के इस सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं द्वारा किए जा रहे ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणा हैं। आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए यह मदद वाकई सराहनीय है। संयुक्त महिला समिति ने आने वाले समय में जरूरतमंद बच्चों के लिए इसी तरह के सहायता कार्यक्रम चलाने का संकल्प लिया है।



● हेरा पंचमी के सार्वजनिक भोग में उमड़ी भीड़,आठ हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया महाभोग का सेवन

# महाप्रभु को माता लक्ष्मी के गुस्से का करना पड़ा सामना, तोड़ा रथ, मानमनुव्वल के बाद बनी बात, श्रीमंदिर की ओर घुमा रथ

**भिलाई। रथयात्रा महोत्सव के पांचवें दिन गुंडिचा मंडप में हेरा पंचमी की रस्म निभाई गई। जहां देर रात तक महाप्रभु रुठी माता लक्ष्मी को मनाते रहे और काफी मान मनुव्वल के बाद रथ की दिशा श्रीमंदिर की ओर मोड़ा गया और जल्द ही घर वापस आने की बात पर माता को संतुष्ट किया। इस दौरान सेक्टर-10 में सार्वजनिक भोग व अन्न प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें आठ हजार से अधिक भक्तों ने महाभोग ग्रहण किया। सोमवार को महाप्रभु जगन्नाथ ने ब्रह्मचारी भेष में दर्शन दिया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय मिश्रा ने पूजा अर्चना की।**

### रूठे लक्ष्मी को मनाया, रथ की बदली दिशा

रूठे लक्ष्मी को मनाया, रथ की बदली दिशारथयात्रा उत्सव का एक महत्वपूर्ण अवसर है हेरा पंचमी। इस दिन परम्परानुसार मां लक्ष्मी रुष्ठ होकर श्री जगन्नाथ मंदिर से निकलकर गुण्डिचा मंडप पहुंची, जहां देवी लक्ष्मी के अनुचरों ने भगवान जगन्नाथ के रथ को तोड़ दिया और उनके पुजारी को रथ से बांध दिया था। देवी लक्ष्मी भगवान जगन्नाथ से पूछती है कि तीन दिन बोलकर गए थे, आज पांच दिन हो गये। आप श्री मंदिर नहीं लौटे। आपने मुझे श्रीमंदिर में अकेला छोड़कर अपने भाई बलभद्र देव व बहन देवी सुभद्रा को लेकर मौसी के घर गुण्डिचा मंडप घुमने चले आए। जगन्नाथ व माता लक्ष्मी आपस मे संवाद करते हैं। वे रूठी लक्ष्मी को शीघ्र मंदिर लौटने का आश्वासन देकर मना लेते हैं। पांचवें दिन श्रीजगन्नाथ के रथ की दिशा बदल कर वापस मंदिर की ओर कर दिया गया। मॉ लक्ष्मी संतुष्ट होकर अपने अनुचरों को पुजारी को छोड़ने का आदेश दी और माता लक्ष्मी वापस श्री मंदिर लौट गई। हेरा पंचमी के अवसर पर रीता स्वांईं ने लक्ष्मी की भूमिका निभाई।



### महिलाओं ने दिया योगदान

हेरा पंचमी का यह कार्यक्रम श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सम्पन्न किया गया। रीता स्वांईं ने लक्ष्मी के रूप में हेरा पंचमी का कार्यक्रम संपन्न किया। इस हेरापंचमी कार्यक्रम में समिति के महिला सदस्यों सुजाता साहू, कादम्बिनी प्रधान, कुनी स्वांईं, शैलबाला पात्रो, जमुना नाहक, रीता स्वांईं, स्वाति बिस्वाल, संध्या महापात्र, सागरिका प्रधान, मधुस्मिता दीक्षित, ज्योति स्वांईं, उमा स्वांईं की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों सहित अनेक भक्तजन उपस्थित थे।



### भजन पर झूमे भक्त और महाप्रसाद का वितरण



सोमवार को महिला समूह द्वारा प्रस्तुत भजन ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। भजन के साथ भक्त भी नाचने लगे। इस उत्सव में जगन्नाथ समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी, महासचिव सत्यवान नायक सहित समिति के पदाधिकारी त्रिनाथ साहू, सुशांत सतपथी, भीम स्वांई, बी सी बिस्वाल, अनाम नाहक, डी त्रिनाथ, वृंदावन स्वांईं, बीस केसन साहू, बसंत प्रधान, कालू बेहेरा, रंजन महापात्र, प्रकाश स्वांई, कैलाश पात्रो, बीस केशन साहू, कवि बिस्वाल, जगन्नाथ पटनायक, सीमांचल बेहेरा,वी के होता, श्याम दलाई ने महत्वपूर्ण योगदान दिया ।इस उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## पौधे रोपकर उन्हें सुरक्षित रखने के लिए लगाया ट्री गार्ड, लिया संकल्प





**भिलाई।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए गुरुकुल स्कूल सूर्य विहार में एक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान में न केवल पौधे रोपे गए, बल्कि उन्हें सुरक्षित रखने के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए ताकि पौधे सुरक्षित रहकर वृक्ष का रूप ले सकें। लायंस क्लब भिलाई पिनाकल द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में बड़ो के सात साथ बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब की अध्यक्ष शालिनी सोनी द्वारा की गई। उनके नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में स्कूल के प्राचार्य, सभी शैक्षणिक स्टाफ और स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण के प्रति अपना गहरा उत्साह दिखाया। बच्चों ने इस दौरान पौधों की देखभाल करने का संकल्प भी लिया। इस कार्यक्रम में क्लब की रीज़न चेयरपर्सन अंजना विनायक, चार्टर प्रेसिडेंट विभा भूटानी, वाईस प्रेसिडेंट प्रिया रस्तोगी, वाईस प्रेसिडेंट रश्मि गेदाम, कोषाध्यक्ष डॉ. सुब्रता नागपाल, उषा चक्रवर्ती और सुषमा दुबे का विशेष योगदान रहा। सभी ने मिलकर स्कूल परिसर में विभिन्न छायादार पौधे लगाए।

## सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग ने डीपीएस रिसाली स्कूल के सहयोग से कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में दैनिक जीवन से जुड़े सुरक्षा विषयों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित व्यवहार की आदत विकसित करना था। इसमें कक्षा 10 की 11 सेक्शनों के कुल 306 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एएच जुंजानी, हेड मिस्ट्रेस श्रीमती नीलम पांडे, शिक्षक मनीष कुमार फाटक और सुमन कुमार त्रिपाठी के सहयोग से संपन्न हुआ। वहीं सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग की ओर से महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस, सहायक महाप्रबंधक अजय टल्लू, उप प्रबंधक अरिजीत रॉय और सहायक प्रबंधक अखिल मिश्रा ने कार्यक्रम के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई।प्रतियोगिता में कुल 60 प्रश्न पूछे गए, जिनमें घरेलू सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, सड़क सुरक्षा और पर्यावरण सुरक्षा से जुड़े विषय शामिल थे। मूल्यांकन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए नेगेटिव मार्किंग की व्यवस्था भी की गई। विद्यार्थियों की तैयारी के लिए प्रतियोगिता से पहले सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग ने अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराई थी।प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले उपाय, प्राथमिक उपचार, सड़क सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्राप्त की, जो उनके दैनिक जीवन में भी उपयोगी साबित होगी।

सिटी इवेंट

## सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में ईशान-परिधि बने जिला चैम्पियन



- 24 से 26 तक राज्य स्पर्धा में करेंगे प्रतिनिधित्व
- सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप के ओपन वर्ग
- रेयांश, शशिंद्र,शुभम आयनी, काशवी एवं आद्रीका का चयन राज्य चैम्पियनशिप के लिए

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित स्मृति नगर भिलाई के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस पर जिला स्तरीय अंडर 15 ओपन एवं बालिका शतरंज चैंपियनशिप का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शतरंज प्रशिक्षक सुरेंद्र बल्लेवार एवं जिला शतरंज संघ दुर्ग के सचिव तुलसी सोनी, विशिष्ट अतिथि इंटरनेशनल आर्बिटर अलंकार भिवगड़े, रॉकी देवांगन एवं उपाध्यक्ष दिनेश जैन उपस्थित थे।

### ईशान और परिधि बने जिला चैंपियन

जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि सब जूनियर अंडर 15 ओपन वर्ग में पांच अंकों में से 4.5 अंक प्राप्त कर ईशान सैनी एवं बालिका वर्ग में 4 अंक प्राप्त कर परिधि लिलहारे ने जिला चैम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया। अंडर 15 के ओपन वर्ग में द्वितीय रेयांश वर्मा 4 अंक तृतीय शशिंद्र सिंह 4 अंक चतुर्थ शुभम सिंह 4 अंक। बालिका वर्ग में द्वितीय आयनी त्रिपाठी 3 अंक तृतीय काशवी जैन 2.5 अंक एवं आदरिका नागर 2.5 अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान पर रहे। ओपन वर्ग में पांचवा गुणवंत साहू, छठवां प्रत्यक्ष देवांगन और बालिका वर्ग में पांचवा मानस्वी शर्मा, छठवां चारवी माण्डले ने प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मोमेंटो एवं भाग लेने वाले समस्त खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किया गया। स्पर्धा में कुल 35 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

### राज्य सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में लेंगे हिस्सा

ये सभी चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप भिलाई में 24 से 26 जुलाई तक जैन भवन सेक्टर 6 में आयोजित है उसमें दुर्ग जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक इंटरनेशनल आर्बिटर रॉकी देवांगन, तकनीकी सहायक के रूप में फीडे आर्बिटर अनिल शर्मा और सीनियर नेशनल आर्बिटर दिव्यांशु उपाध्याय थे। कार्यक्रम का संचालन अनिल शर्मा और आभार प्रदर्शन संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने किया।

दुर्ग में जैन संत डॉ. मणिभद्र मुनि जी का भव्य नगर प्रवेश

# संत डॉ. मणिभद्र मुनि ने धर्म, ध्यान, तप, जप के साथ आत्मकल्याण का दिया संदेश, श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** राष्ट्र संत मानव मिलन के संस्थापक, नेपाल केसरी पूज्य डॉ. मणिभद्र मुनि म.सा. द्वारा जैन दादाबाड़ी में प्रथम धर्मसभा का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर गुरुदेव के सान्निध्य में अधिक से अधिक धर्म, ध्यान, तप, जप के साथ और आत्मकल्याण का संदेश दिया गया। 26 जुलाई को आयोजित होने वाली बेला तप (दो उपवास) की तपस्या का संकल्प भी श्रद्धालुओं ने लिया। राष्ट्र संत मानव मिलन के संस्थापक, नेपाल केसरी पूज्य डॉ. मणिभद्र मुनि म.सा. साधु समुदाय के साथ दुर्ग नगर में भव्य नगर प्रवेश हुआ। नेहरू नगर से प्रारंभ हुई विहार यात्रा मालवीय नगर स्थित जैन दादाबाड़ी पहुंची। मार्ग में साइंस कॉलेज ओवरब्रिज के समीप बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं जैन समाज के लोगों ने गुरुदेव की अगवानी कर जयघोष के साथ मंगल स्वागत किया।



### 26 को होगा वर्षावास का मंगल प्रवेश

गुरुदेव का आगामी विहार पद्मनाभपुर, आदर्श नगर एवं ऋषभ ग्रीन सिटी क्षेत्र में रहेगा। इसके पश्चात 26 जुलाई को वर्धमान हाइट्स से वर्षावास (चातुर्मास) का भव्य मंगल प्रवेश आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर 108 कलशों के साथ भव्य शोभायात्रा निकलेगी तथा धर्म चक्र (48 बेला, 1 तेला तप) जैसे विशेष धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न होंगे। चातुर्मास प्रवेश महोत्सव में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से श्रमण संघ परिवार, गुरु भक्तों एवं जैन समाज के हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से इस ऐतिहासिक एवं पुण्यदायी आयोजन में सहभागी बनकर प्रभु-गुरु-संघ भक्ति का लाभ लेने तथा धर्म चक्र एवं कलश के लिए अपना नाम दर्ज कराने की अपील की है।

### धार्मिक उल्लास के साथ किये गुरुदेव के दर्शन

नगर प्रवेश यात्रा में श्रमण संघ परिवार के साथ-साथ सकल जैन समाज के सभी वर्गों एवं विभिन्न संप्रदायों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक उल्लास से परिपूर्ण वातावरण में गुरुदेव के दर्शन एवं वंदना का लाभ श्रद्धालुओं ने प्राप्त किया। जैन दादाबाड़ी में आयोजित प्रथम धर्मसभा में गुरुदेव के सान्निध्य में अधिक से अधिक धर्म, ध्यान तप जप के साथ एवं आत्मकल्याण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बेला तप (दो उपवास) की तपस्या का संकल्प भी गुरुदेव को समर्पित किया। जो आगामी 26 जुलाई को आयोजित होगा।



## सिटी इवेंट

# शाला प्रवेश उत्सव में 60 छात्राओं को मिली साइकिल



**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, खम्हारिया में सोमवार को शाला प्रवेश उत्सव उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शासन की विभिन्न छात्र हितैषी योजनाओं के तहत 60 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। साथ ही विद्यार्थियों को गणवेश और पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया तथा शिक्षा, खेल और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाला विकास समिति के अध्यक्ष राकेश धनकर ने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने, अनुशासन का पालन करने और जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासन की छात्र कल्याणकारी योजनाएं बच्चों को बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाते हुए अपनी प्रतिभा को निखारना चाहिए। शिक्षा ही सफलता का सबसे मजबूत आधार है और इसके माध्यम से ही समाज और राष्ट्र का विकास संभव है। इस अवसर पर भाजपा कोहका मंडल अध्यक्ष गोपाल साहू, भाजपा सुपेला मंडल अध्यक्ष दीपक भोंडेकर, भाजपा जिला मंत्री भारती साहू, एसएमडीसी सदस्य निलेश साहू, भारतीय जनता युवा मोर्चा भिलाई के प्रकार साहू, कार्यक्रम संयोजक और विद्यालय की प्राचार्य सुनीता दीवान सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं।

- स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खम्हारिया में आयोजित कार्यक्रम

## सिटी लाइव

# केपीएस सुंदर नगर में नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद की शपथ



**भिलाई।** कृष्णा पब्लिक स्कूल केपीएस सुंदर नगर में सोमवार को छात्र समिति के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नव निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों ने शपथ लेकर विद्यालय के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। पूरे समारोह में नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना देखने को मिली।समारोह की शुरुआत विद्यालय के छात्र प्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण के साथ हुई। इस दौरान विद्यालय प्रशासन ने विभिन्न क्लबों और हाउस के लिए छात्र पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने तथा विद्यार्थियों के हित में कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। विद्यालय के हेड बॉय के रूप में गौरव मिश्रा तथा हेड गर्ल के रूप में संस्कृति गौतम को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं असिस्टेंट हेड बॉय अंश सिंह और असिस्टेंट हेड गर्ल दिपल देवांगन नियुक्त किए गए। विद्यालय के विभिन्न क्लबों में सांस्कृतिक, गणित, साहित्य, कला, कंप्यूटर, खेल, विज्ञान, वाणिज्य और इको क्लब के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों को भी शपथ दिलाई गई। इसके अलावा महात्मा गांधी हाउस, अरपा हाउस, इंद्रावती हाउस और शिवनाथ हाउस के छात्र पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम में कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन एमएम त्रिपाठी, वाइस चेयरमैन आनंद कुमार त्रिपाठी, सचिव प्रमोद कुमार त्रिपाठी तथा एजुकेशन ऑफिसर आरएस पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्र नेतृत्व को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश किन्हेकर ने कहा कि छात्र समिति विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के आदर्शों के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया। समारोह में उप प्राचार्य माया मिश्रा और प्रवीण कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमरोज जलील ने किया।

# गऊ भोज का दुर्ग में आयोजन, 51 गौवंशों को खिलाया पौष्टिक चारा



**दुर्ग।** जगन्नाथ रथयात्रा के अवसर पर श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, अग्रसेन चौक दुर्ग के पास राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विशाल राघव प्रसाद ताम्रकार दवरा गऊ भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 51 गौवंशों को 51 परतों में पूरे सम्मान के साथ पौष्टिक चारा खिलाया गया। गौ माता की सेवा को देखकर मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरा माहौल भक्ति और सनातन परंपरा से ओतप्रोत दिखा। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग दुर्ग के अध्यक्ष विजय अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि गऊ माता ही अखिल विश्व की आधार शक्ति हैं। गौ माता के शरीर में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। इसीलिए केवल गौ सेवा और पूजा से ही संपूर्ण देवी-देवताओं, ऋषि-मुनियों एवं पूर्वजों की सेवा हो जाती है। बीआईटी कॉलेज के गऊ विज्ञान परीक्षा के दुर्ग जिला प्रभारी सूर्य प्रकाश शुक्ल ने कहा कि जिस तरह हम पावन अवसरों पर मानव के लिए भंडारे करते हैं, उसी तरह गौवंशों के लिए भी नियमित भोज का आयोजन होना चाहिए। गऊ भोज की महिमा बताते हुए उषा ताम्रकार ने कहा कि गौ माता की सेवा करने वाला कभी दरिद्र नहीं होता। सौरभ देवांगन, ईश्वर गुप्ता, डॉ. सुदीप सनातनी, सुनील सहित बड़ी गऊ भक्त उपस्थित रहे।

● ज्यादा सोचने पर विजय कार्यक्रम में हैदराबाद से आए बाला किशोर ने दिए टिप्स

# ज्यादा सोचोगे तो बीमार पड़ जाओगे, प्राणायाम और राजयोग से पाएं मन की शांति, गीता ने दिया कर्म का सूत्र

